# नकली अंग्रेजी व देसी शराब बनाने की फैक्ट्री का खुलासा

Publish Date:Mon, 18 Mar 2019 05:36 PM (IST)

श्री बंशीधर नगर: अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने रविवार को थाना के सामने गली में जितेंद्र प्रसाद गुप्ता उर्फ बड़कू के मकान और दुकान में छापामारी कर अवैध नकली अंग्रेजी, देशी व महुआ शराब बनाने की एक बड़ी फैक्ट्री का उदभेद्न किया है। छापामारी के दौरान भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी, देशी व महुआ शराब तथा शराब बनाने के उपकरण के साथ पुलिस ने आरोपी जितेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ बड़कू को गिरफ्तार किया है। सोमवार को थाने में इसकी जानकारी पत्रकारों को देते हुए अनुमंडल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी। जितेंद्र प्रसाद गुप्ता उर्फ बड़कू अपने मकान और दुकान की आड़ में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से नकली अंग्रेजी व देसी शराब बनाने व बिक्री करने का काम कर रहा है। सूचना के आलोक में छापेमारी की गई। इस अवैध नकली अंग्रेजी व देसी शराब निर्माण व बिक्री के रैकेट में स्थानीय लोगों के साथ-साथ रांची, बोकारो, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के 18 लोग शामिल हैं। एसडीपीओ ने बताया कि मामले के अनुसंधान में और लोगों का नाम सामने आने की संभावना है। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर के अलावे रांची, बोकारो, उत्तर प्रदेश, बिहार व मध्य प्रदेश में भी यहां से नकली शराब सप्लाई किया जाता था। छापेमारी में पुलिस पदाधिकारी श्रवण कुमार के साथ पुरुष व महिला बल भी शामिल थे।

- क्या-क्या हुआ बरामद: -छापामारी के दौरान थाना के सामने गली में जितेंद्र प्रसाद गुप्ता उर्फ बड़कू के मकान व दुकान से 26 पेटी में 750 एमएल का 316 बोतल इंपिरियल ब्लू शराब, 23 पेटी में 180 एमएल का 1056 बोतल इंपिरियल ब्लू शराब, झारखंड सरकार उत्पाद विभाग देशी शराब लिखा हरा रंग का 200 एम एल का 287 पाउच शराब, झारखंड सरकार उत्पाद विभाग देशी शराब लिखा सफेद रंग का 200 एम एल का 879 पाउच शराब, झारखंड सरकार उत्पाद विभाग देशी शराब लिखा लाल रंग का 200 एम एल का 27 पाउच शराब, नीला रंग के एक गैलन में 50 लीटर स्प्रिट, देसी शराब का पाउच सील करने का लोहे का मशीन, अंग्रेजी शराब का बोतल सील करने का लोहे का मशीन, चेतावनी से संबंधित स्लोगन लिखा 10 किलोग्राम खाली पाउच, एक गैलन में 20 लीटर महुआ शराब, 750 एम एल का 28 बोरा खाली बोतल, 180 एम एल का 40 पेटी खाली बोतल, अंग्रेजी शराब में उपयोग किया जाने वाला एसेंस, आधा लीटर लेमन कलर का 500 एम एल रंग, देसी शराब को कलर करने वाला रंग, 9 किलोग्राम अंग्रेजी शराब के बोतल का कैप, रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब का 150 पीस स्टीकर, मैकडुवेल नंबर वन अंग्रेजी शराब का 24 सौ पीस स्टीकर, एक गैलन में 18 लीटर महुआ शराब, अंग्रेजी शराब के बोतल के कैप पर चिपकाने वाला झारखंड सरकार का लोगो लगा 3000 स्टीकर, आधा लीटर वुड पॉलिश, कई खाली गैलन बरामद हुआ है।

- बहनोई के घर में मिला 2000 लीटर स्प्रिट: शराब माफिया जितेंद्र प्रसाद गुप्ता उर्फ बड़कू ने छापामारी के दौरान पूछताछ में बताया कि सरेह स्थित अपने बहनोई कमलेश प्रसाद के घर में स्प्रिट रखा हूं। वहीं से शराब बनाने के लिए स्प्रिट लाता हूं। छापामारी की सूचना मिलने पर जितेंद्र के बहन व बहनोई अपने घर में ताला बंद कर फरार हो गए। पुलिस ग्रामीणों के समक्ष कमलेश के मकान का ताला तोड़कर आठ ड्रम में रखा 2000 लीटर अवैध स्प्रिट बरामद की। एसडीपीओ ने बताया कि यह स्प्रिट बंगाल से लाया गया है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/garhwa-crime-news-19055329.html